## महत्वपूर्ण एवं खास

### फिंगेश्वर वितरक शाखा नहर के रिमाडलिंग कार्य की स्वीकृति

**रायपुर।** राज्य शासन द्वारा गरियाबंद जिले के विकास खण्ड फिंगेश्वर की पैरी परियोजना के अंतर्गत फिंगेश्वर पृथक शाखा नहर के विभिन्न भागों में रिमाडलिंग तथा सी.सी. लाईनिंग कार्य के लिए 2 करोड़ 88 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। इसके निर्माण से परियोजना के रूपांकित क्षमता से अधिक लगभग 878 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई की सुविधा उपलब्ध होगी। इसके तहत फिंगेश्वर वितरक शाखा नहर के अंतर्गत छह लघु नहरों चैतरा माइनर, दर्री पारा माइनर, बिनोरी माइनर और पुरैना माइनर तथा भसेरा माइनर के क्रमांक 1 तथा 2 का रिमाडलिंग एवं सी.सी. लाईनिंग कार्य किया जाएगा।

### राजस्व मंत्री का दौरा कार्यक्रम

**रायपुर।** प्रदेश के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन पुर्नवास तथा वाणिज्यक कर (पंजीयन एवं मुद्रांक) मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल 22 फरवरी को रायपुर से सबेरे 10.30 बजे हेलीकाप्टर से अम्बिकापुर जाएंगे और सरगुजा पैलेस में स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होंगे। श्री अग्रवाल हेलीकाप्टर से दोपहर 2.10 बजे अम्बिकापुर से कोरबा जिले के पाली के लिए रवाना होंगे। वहां पर आयोजित पाली महोत्सव के समापन समारोह में शामिल होने के बाद सायं 4.10 बजे कोरबा के लिए प्रस्थान करेंगे।

### डीएमएफ फंड-खदान प्रभावित क्षेत्रों में जीवन स्तर में बढ़ोतरी के कार्य होंगे

» ए.पी.सोलंकी-जी.एस.केशरवानी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में डीएमएफ फंड का उपयोग अब खनन प्रभावित क्षेत्रों के विकास और प्रभावित क्षेत्रों के रहवासियों की बेहतरी की योजनाओं में होगा। योजनाओं को तय करने में अब स्थानीय विधायक और खनन प्रभावित क्षेत्र की ग्राम सभा के सदस्यों की भी सक्रिय भागीदारी होगी। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की पहल पर छत्तीसगढ़ जिला खनिज संस्थान न्यास नियमों में किए गए संशोधन से यह संभव हो सका है। संशोधन के अनुसार अब डीएमएफ की शासी परिषद में जिला कलेक्टर के स्थान पर प्रभारी मंत्री अध्यक्ष तथा क्षेत्रीय विधायक सदस्य होंगे। खनन कार्यों से प्रत्यक्ष प्रभावित क्षेत्रों की ग्राम सभा के कम से कम 10 सदस्यों की नियुक्ति का प्रावधान भी परिषद में किया गया है। नये नियमों के अनुसार न्यास निधि में प्राप्त 50 प्रतिशत राशि का उपयोग प्रत्यक्ष प्रभावित क्षेत्रों में किया जाएगा।

### डीजे बजाकर शोरगुल करने से मना करने पर मिली जान से मारने की धमकी

**रायपुर (आरएनएस)।** जिला प्रशासन द्वारा तेज आवाज में डीजे बजाने पर प्रतिबंध लगाया गया है। बावजूद इसके लोग तेज आवाज में डीजे लगाकर गाना सुनने से बाज नहीं आ रहे हैं। डीडी नगर थाने से मिली जानकारी के अनुसार कोमल कुमार चौबे आयु 23 वर्ष पिता नंदकिशोर चौबे निवासी आरडीए कालोनी रायपुरा द्वारा शुभम सोनी आयु 23 वर्ष द्वारा तेज आवाज में डीजे बजाकर गाना सुनने पर आपत्ति करने पर प्रार्थी के साथ गाली गलौज की गई। प्रार्थी द्वारा दर्ज करायी रिपोर्ट के अनुसार उसने आरोपी को कम आवाज में डीजे बजाने के लिए कहा था इस पर आरोपी आग बबूला होकर प्रार्थी के साथ जमकर मारपीट किया एवं उसे जान से मारने की धमकी दी।

### शराब पीते नशेड़ी पकड़ाए, मामला दर्ज

**रायपुर (आरएनएस)।** शहर में नशा करने वालों की संख्या में रोज वृद्धि हो रही है। नशेड़ियों की संख्या बढ़ने से जहां शहर में शांति व्यवस्था कायम करने में पुलिस प्रशासन को माथापच्ची करनी पड़ती है वहीं पुलिस द्वारा लगातार कार्रवाई करने के बावजूद भी नशेड़ियों द्वारा भांति भांति का नशा कर लोगों को परेशान किया जाता है। गंज थाने से मिली जानकारी के अनुसार तेलघानी नाका चौक में मुकेश पांडे 41 वर्ष पिता स्व. एसआर पांडेय एवं रोहित सरकार आयु 29 वर्ष पिता मानिक सरकार द्वारा खुलेआम सार्वजनिक स्थान पर शराब पीते हुए पकड़ा गया। उक्त दोनों मामले में गंज थाने ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट की धारा 36 च के तहत मामला कायम कर जांच में ले लिया है।

# तेंदूपत्ता संग्रहण- शाख कर्तन और आवश्यक व्यवस्था संबंधी कार्यशाला संपन्न

» अधिक आमदनी के लिए अच्छी गुणवत्ता का तेंदूपत्ता संग्रहण जरूरी



**रायपुर।** वन मंत्री श्री मोहम्मद अकबर के मार्गदर्शन में वन विभाग द्वारा राज्यभर में तेंदूपत्ता संग्रहण की तैयारी तेजी से जारी है। इस तारतम्य में कल दुर्ग वन वृत्त स्तरीय कार्यशाला का आयोजन राजनांदगांव स्थित पद्मश्री गोविंद राम निर्मलकर ऑडिटोरियम में किया गया। कार्यशाला में तेंदूपत्ता शाख कर्तन और हर आवश्यक व्यवस्था के संबंध में विस्तार से चर्चा हुई।

इस अवसर पर अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक श्री एम.टी. नन्दी, मुख्य वन संरक्षक दुर्ग वनवृत्त श्रीमती शालिनी रैना, वनमण्डलाधिकारी दुर्ग श्री के.आर. बढ़ई तथा राजनांदगांव श्री बी.पी. सिंह सहित राजनांदगांव, दुर्ग, बालोद, कवर्धा तथा खैरागढ़ वनमण्डल के विभागीय अधिकारी तथा कर्मचारी उपस्थित थे। अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक श्री नंदी ने चर्चा करते हुए कहा कि चालू सीजन के दौरान अच्छी गुणवत्ता के तेंदूपत्ता संग्रहण के लिए हर आवश्यक व्यवस्था समय पर सुनिश्चित कर ली जाए। उन्होंने तेंदूपत्ता संग्रहण के कार्य का सही ढंग से संचालन के लिए विशेष जोर दिया। उन्होंने बताया कि तेंदूपत्ता संग्रहण के सुचारू संचालन होने पर लाभ में न चलने वाली समितियों में भी उत्तम गुणवत्ता का तेंदूपत्ता संग्रहण हो पाएगा और इन समितियों को भी अच्छी आमदनी मिल सकती है। श्री नन्दी ने इसके लिए तेंदूपत्ता संग्राहकों से लगातार सम्पर्क बनाए रखने के निर्देश दिए। साथ ही विभागीय अधिकारियों को उनकी समस्याओं का समय पर निदान करने के लिए निर्देशित किया।

अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक श्री नन्दी ने अच्छी गुणवत्ता के तेंदूपत्ता संग्रहण सुनिश्चित करने के लिए वर्तमान में सही ढंग से तेंदूपत्ता शाख कर्तन की कार्रवाई के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इसके तहत चक्रीय विधि से उसमें बूटा कटाई का कार्य रांपा अथवा तेज धार कुल्हाड़ी की सहायता से भूमि की सतह से कराया जाए। इससे तेंदूपत्ता के स्टम्प से कई शाखाएं निकलती है। जिसमें उत्तम गुणवत्ता का अधिक मात्रा में संग्रहण योग्य पत्ता निकलता है। श्री नन्दी ने यह भी बताया कि वन क्षेत्र में जहां आग लगती है, वहां का तेंदूपत्ता अपेक्षाकृत कमजोर तथा कम मात्रा में प्राप्त होता है। उन्होंने कहा कि इसका क्षेत्र में व्याप प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाए। बूटा कटाई की अवधि से संग्रहण के मध्य वन क्षेत्र में लगातार नजर रखना भी आवश्यक है। पूर्व भ्रांतियों के चलते तेंदूपत्ता के लालच में ग्रामीण ठेकेदारों के कहने पर वन क्षेत्र में आग भी लगा देते है। इस दौरान यदि अग्नि घटना घटित होती है तक तेंदूपत्ता के ठेकेदार के विरूद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई होने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। कार्यशाला में मुख्य वन संरक्षक श्रीमती रैना ने अच्छी गुणवत्ता का तेंदूपत्ता संग्रहण के संबंध में विस्तार से जानकारी दी।

» राष्ट्रीय किसान मेले में एग्रो स्टार्टअप्स भी लगाएंगे स्टाल

## महुए के लड्डू से लेकर नैनो फर्टिलाइजर की दिखेगी झलक





**रायपुर।** राष्ट्रीय कृषि मेला छत्तीसगढ़ 2020 छत्तीसगढ़ की चार चिन्हारी 'नरवा, गरुवा, घुरुवा एवं बाड़ी के विकास' तथा एकीकृत कृषि विकास कार्यक्रम एवं किसानों के कल्याण संबंधी विषयों पर केन्द्रित होगा। इस मेले में प्रदेश के किसानों को नवीनतम कृषि तकनीकी से रुबरु होने का मौका भी मिलेगा। एक खेत से छह प्रकार की उपज लेने की तकनीकी, नेनोफर्टिलाइजर, ''बायोफ्लॉक सघन मतस्य पालन'' की नवीन तकनीक, ''आटोमेटिक सूक्ष्म सिंचाई यन्त्र'' का प्रदर्शन, मिटटी की जलधारण क्षमता को कई गुना बढ़ाने वाले जैविक उर्वरक जैसे उपयोगी नवाचारों के जीवंत प्रदर्शन के साथ महुआ दलिया, महुआ लड्डू, एवं अन्य महुआ उत्पाद के स्टॉल, अंकुरित मोटे अनाज की कूकीज, बिस्किट्स, केक्स, हेल्थ ड्रिंक पाउडर आदि बेकरी प्रोडक्ट्स भी देखने को मिलेंगे। छत्तीसगढ़ शासन के कृषि एवं जैव प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा 23 से 25 फरवरी 2020 तक ग्राम तुलसी-बाराडेरा में आयोजित होने वाले तीन दिवसीय राष्ट्रीय कृषि मेले में इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर के अंतर्गत राष्ट्रीय कृषि विकास योजना (रफ़्तार) के माध्यम से संचालित ''एग्रीबिजनेस इनक्यूबेटर'' परियोजना के चुनिंदा कृषि स्टार्टअप राष्ट्रीय कृषि मेले में भागीदारी करेंगे। यह परियोजना कृषि सहकारिता और किसान कल्याण विभाग, कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के वित्तीय सहयोग से संचालित की जा रही है।

## यूएसए दौरे से डा. चरणदास महंत आज दोपहर लौटेंगे राजधानी



**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डा. चरणदास महंत आज दोपहर अपने अमेरिका प्रवास के बाद राजधानी रायपुर लौट आएंगे। वहीं शाम को वे राजिम रवाना हो जाएंगे और माघी पुन्नी मेले के समापन कार्यक्रम में शामिल होंगे। सूत्रों ने बताया कि डा. महंत आज दोपहर 3.40 बजे रायपुर लौट आएंगे। डा. महंत 11 फरवरी को यूएसए के लिए रवाना हुए थे। अपने प्रवास के दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के साथ 13 और 14 फरवरी को बोस्टन अमेरिका के हार्वर्ड स्कूल ऑफ बिज़नेस में आयोजित हार्वर्ड इंडिया कॉन्फ्रेंसमें शामिल हुए एवं कान्फ्रेंस को संबोधित किया । इसके अलावा वे अमेरिका में रहने वाले भारतीय मूल के लोगों से भी मुलाकात की है। डॉ. चरणदास महंत के रायपुर वापसी के निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार वे आज दोपहर 3.40 बजे रायपुर के स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट माना-रायपुर पहुंचेंगे। यहां से शाम को वे राजिम रवाना होंगे और राजिम में चल रहे पुन्नी मेले के समापन कार्यक्रम में शामिल होंगे।

## राज्य में साढ़े तीन सौ से अधिक किसान कर रहे हैं पान की खेती



**रायपुर (आरएनएस)।** इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के पादप कार्यिकी विभाग छत्तीसगढ़ में पान की खेती की संभावनाएं द्वारा ''छत्तीसगढ़ में पान की खेती की संभावनाएं'' विषय पर दो दिवसीय कृषक प्रशिक्षण एवं प्रदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें छत्तीसगढ़, बिहार एवं झारखंड राज्य के 75 किसान शामिल हुए थे। प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के निदेशक विस्तार डॉ. एस.सी. मुखर्जी द्वारा किया गया। उन्होंने झारखंड, बिहार एवं छत्तीसगढ़ से आये पान उत्पादक किसानों से चर्चा की एवं छत्तीसगढ़ में पान के उत्पादन की बढ़ती संभावनाओं पर विचार-विमर्श किया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर में राष्ट्रीय बागवानी मिशन के अंतर्गत संचालित पान परियोजना के तहत आयोजित किया गया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रथम दिन परियोजना अन्वेषक डॉ. एलिस तिर्की एवं उनके सहयोगी डॉ. अंबिका टंडन एवं टी. तिर्की ने पान की खेती की विस्तृत जानकारी सभी पहलुओं में दी गई। बरेजा की नेट हाऊस में पान की खेती करने की सलाह दी गई साथ ही अतिरिक्त आय लेने के लिए ओस्टर मशरूम तथा पान की छोटे एवं सड़े, धब्बे, पत्तों से तेल निकालने में उपयोग किया जा सकता हैं इसका प्रदर्शन किया गया। पान में जैविक प्रबंधन की जानकारी भी दी गयी। अंतिम दिन प्रक्षेत्र भ्रमण कराया गया तथा कंटिग के माध्यम से पौध तैयार करने की तकनीक सिखाई गई। कृषि महाविद्यालय में उगाई जा रही पान की 15 प्रजातियों के औषधीय गुण, पोषक तत्व तथा उपज की जानकारी दी गई। किसानों को पान की नई प्रजातियों जैसे करापाकु, बाईचीगुड़ी, मघई आदि को लगाने की सलाह दी गई।

## धान खरीदी में गड़बड़ी पर एफआईआर दर्ज



**न्याय साक्षी/रायगढ़।** उप पंजीयक रायगढ़ दिनांक 15.02.2020 को द्वारा सेवा सहकारी समिति मर्यादित केशला के समिति प्रभारी, फड प्रभारी एवं वरदाना प्रभारी द्वारा फर्जी रूप से धान खरीदी के संबंध में दिए गए आवेदन पत्र पर धोखाधड़ी का अपराध पंजीबद्ध किया गया है। उप पंजीयक रायगढ़ के आवेदन अनुसार जांच में पता चला कि समिति प्रबंधक ब्रजेश गुप्ता पिता प्यारे लाल गुप्ता ग्राम मिडमीडा, फड प्रभारी सुरेन्द्र गुप्ता पिता प्यारे लाल गुप्ता ग्राम डूमरमुडा एवं वरदाना प्रभारी परमेश्वर गुप्ता पिता आनंद गुप्ता ग्राम डूमरमुडा चौकी जूटमिल रायगढ के द्वारा फर्जी धान खरीदी कर 3965.8 क्युन्टल धान रखा गया था जो फर्जी पाया गया जिसका शासकीय मुल्य 2500 रू. प्रति क्युन्टल की दर से 9914500 रू. का है एवं 1930 नये बोरी का मुल्य 54 रू. के दर से 104220 रू. है। इस प्रकार कुल 10018720 रू. की आर्थिक क्षति शासन को पहुंचायी गई है। ब्रजेश गुप्ता, सुरेन्द्र गुप्ता, परमेश्वर गुप्ता के द्वारा षडयंत्र पूर्वक अनुचित लाभ पाने के उद्देश्य से शासन को आर्थिक क्षति पहुंचाया है एवं अमानत मे ख्यानत किया है । आवेदन पत्र पर से थाना कोतवाली, चौकी जूटमिल में अप. क्र. 157/2020 धारा 406, 420, 120(बी) भा0द0वि0 पंजीबद्ध किया गया है।




## 69,000 रूपये की ऑनलाईन ठगी



**न्याय साक्षी/रायगढ़।** सिंधी कालोनी कच्ची खोली चक्रधरनगर में रहने वाली रविना बत्रा पिता जगदीश कुमार बत्रा उम्र 23 वर्ष आज दिनांक 21.02.2020 को थाना चक्रधरनगर में ऑनलाईन 69 हजार रूपये की ठगी होने की रिपोर्ट दर्ज करायी है। रिपोर्टकर्ता रवीना बत्रा ने बताया कि दिनांक 16.02.2020 की शाम 06:34 बजे मेरे मोबाईल नम्बर 882767 में मोबाईल नम्बर 6295492709 से फोन आया फोन करने वाले अपना परिचय आर.के. शर्मा उत्तरप्रदेश का होना बताया और बोला कि पे.टी.एम. के. वाई. सी. से हैं और रवीना को एक क्वीक सपोर्ट एप्प डाउनलोड करने को कहा तो उसने अपने मोबाईल में उस एप्प को डाउनलोड किया। कॉलर ने गुगल द्वारा पे.टी.एम. ओपन करने को कहकर रवीना से उसके पे.टी.एम. की जानकारी लिया। उसके बाद रवीना के कर्नाटका बैंक के एकाउंट नम्बर से 69000 रूपये निकल गये। रिपोर्टकर्ता रवीना के आवेदन पत्र पर से मोबाईल नम्बर 6295492709 के धारक के विरूद्ध अप.क्र. 60/2020 धारा 419, 420 आईपीसी, 66 डी आईटी एक्ट के तहत पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

## डायल 112 इवेंट...

### सड़क किनारे पैदल चल रही महिला को मोटरसाइकिल के चालक ने मारी ठोकर

» अहिता को राइनो ने पहुंचाया अस्पताल

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** कोतवाली जूटमिल राइनो - 2 को दिनांक 21.02.2020 के दोपहर 12:50 बजे कयाघाट के पास रोड एक्सीडेंट का इवेंट मिला। जहां मोटरसाइकिल चालक द्वारा पैदल सड़क किनारे जा रही गुरुवारी बाई सिदार पति छत्रपाल सिदार उम्र 35 साल निवासी सरईभद्र को चोटे आई थी। डायल 112 राइनों में कार्यरत आरक्षक प्रकाश गिरी गोस्वामी, राघवेंद्र जगत व चालक रोशन लहरें द्वारा अहिता को अपेक्स हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है।

### मोटर साइकिल का चालक बिजली खंभे से टकराया

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** थाना घरघोड़ा अंतर्गत रूमकेरा रोड किनारे लगे बिजली के खंबे को मोटरसाइकिल का चालक रमेश्वर मांझी पिता जोगवाहन माझी उम्र 39 वर्ष निवासी कुर्मीभौना तेज व लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए ठोकर मार दिया था जिससे उसे काफी चोटें आयी थी। डॉयल 112 आरक्षक विजय एक्का, चालक संजय पटेल द्वारा ईआरव्ही वाहन से आहत को सीएचसी घरघोड़ा ले जाकर भर्ती कराया गया है।

### भिरोनी बैराज डैम के पास दो मोटरसाइकिल आपस में भिड़े

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** कोसीर राइनो को आज दिनांक 21.02.2020 के सुबह करीब 8:00 बजे रोड एक्सीडेंट का इवेंट भिरोनी बैराज डैम के पास दो मोटरसाइकिल के आपस में भिड़ंत होने से मिला मोटरसाइकिल का चालक वीरेंद्र बंजारे पिता सजन बंजारे उम्र 23 साल निवासी माल्दा थाना कोसीर तथा दूसरे मोटरसाइकिल पर सवार राजेश्वरी जोल्हे पिता पुणिराम जोल्हे 20 साल निवासी बड़े गंतुली को चोटे आई थी डायल 112 ईआरव्ही में कार्यरत आरक्षक चंद्र कुमार चंद्रा, चालक राजू रत्नाकर द्वारा आहिता को सीएचसी सारंगढ़ ले जाकर भर्ती कराया गया है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480